## खबर संक्षेप

### पुस्तक मेले का आयोजन 11 से 13 मई तक

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा जिले में आयोजित होने वाले पुस्तक मेला 2024 का शुभारंभ कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा 11 मई को प्रातः 11 बजे किया जायेगा। जिला स्तरीय तीन दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन स्थानीय शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा में 11 से 13 मई 2024 तक प्रातः 10 से शाम 6 बजे तक किया जायेगा। जिसमें सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, सीबीएसई, आई. सीएसई, एमपी बोर्ड तथा अनुदान प्राप्त विद्यालयों के गणवेश और स्टेशनरी विक्रेता अपना स्टॉल लगायेंगे, जिसमें पालक एवं विद्यार्थी सामग्री क्रय कर सकते है। 8 मई को प्रातः 10 बजे तक इन नंबरों (9993897279, 9424391549) पर रजिस्ट्रेशन के लिये सम्पर्क किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के बाद स्टॉल का आवंटन लॉटरी के माध्यम से 8 मई को 12 बजे किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल ने जिले के सभी विद्यार्थियों, पालकों एवं जागरूक नागरिकों से अपील की है कि इस तीन दिवसीय पुस्तक मेले में 11 से 13 मई तक अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पाठ्य पुस्तकें, शाला गणवेश एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री रियायती दामों में क्रय करके मेले को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

### चौरई के 10 उपकेन्द्रों पर आज बिजली रहेगी बंद

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि चौरई संभाग के अंतर्गत 8 मई 2024 को 132 के.व्ही. उपकेन्द्र चौरई की 33 के.व्ही. मेनबस के 10 उपकेन्द्रों का मेंटेनेंस कार्य किया जाना है, जिसके कारण इन उपकेन्द्रों से संबंधित सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि आज 8 मई 2024 बुधवार को प्रातः 7 से 11 बजे तक 132 के.व्ही. उपकेन्द्र चौरई की 33 के.व्ही.मेनबस में लाईन मेंटेनेंस का कार्य होने के कारण 132 के.व्ही. उपकेन्द्र चौरई से निकलने वाले 33 के.व्ही. फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### अनखावाड़ी, सिरेगांव, हर्राहेट, पेजनवाड़ा, धमनिया, कोहका और लोनापठार में चल रही अवैध रूप से कुचिया

# नियमों को ताक पर रखकर चल रही शराब दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया




परासिया तहसील के अंतर्गत संचालित शराब दुकानों का संचालन नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है । सभी शराब की दुकानों के बगल में ही भोजनालय के नाम पर अवैध रूप से आहते का संचालन किया जा रहा है । जिसके कारण लोग अहाते में शराब पीकर नए नए विवाद करते रहते हैं ।

वहीं परासिया बस स्टैंड में जो शराब दुकान स्थित है उसके सामने नगर पालिका कार्यालय स्थित है । जहां पर रोजाना महिलाओं को और बुजुर्गों को आना जाना लगा रहता है। शराबियों के द्वारा उन महिलाओं के साथ अभद्रता की जाती है जिससे कि आम जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।पिछले वर्ष नगर पालिका परिषद परासिया के द्वारा लिखित रूप से आबकारी विभाग को इसकी शिकायत की गई थी और नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा दुकान के सामने धरना भी दिया गया था , कि शराब दुकान को अन्य जगह स्थानांतरित किया जाए , लेकिन आबकारी विभाग के द्वारा आज तक दुकान वहां से नहीं हटाई गई है । शहर की कुछ होटलों में अवैध रूप से कुचीया का संचालन कर होटल के रूम में बैठाकर कूलर की हवा में शराब परोसी जा रही है । वार्ड नंबर 11 में बसोड़ी मोहल्ला परासिया में भी अवैध कुचिया का संचालन किया जा रहा है । वार्ड नंबर 4 टेक मोहल्ला वार्ड नंबर 2 ईडीसी वार्ड नंबर 5 मैगजीन लाइन वार्ड नंबर 6 विजय साइडिंग गणपति माइंस इन सभी जगह पर धड़ल्ले से अवैध कुचिया का संचालन किया जा रहा है । जिससे नशेड़ियों के हौसले बुलंद है । अनखावाड़ी शराब दुकान का संचालन भी अवैध रूप किया जा रहा है , जबकि नई शराब नीति के अनुसार पंचायत क्षेत्र में शराब दुकान मुख्य मार्ग से 200 मीटर की दूरी पर होना चाहिए , लेकिन अधिकारियों की मिली भगत से अनखावाड़ी दुकान का संचालन स्टेट हाईवे में रोड पर मुख्य मार्ग पर किया जा रहा है और इसी दुकान से अवैध रूप से कई गांव में शराब की सप्लाई की जा रही है । जगह - जगह गांव में अवैध कुचिया खोली गई है । जिससे कि युवा वर्ग को शराब की आदत पड़ रही है और गांव की महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । अनखावाड़ी दुकान से रोजाना लाखों रुपए की शराब ठेकेदार के द्वारा चार पहिया वाहन में रखकर गांव-गांव में अवैध शराब पहुंचाई जाती है । अनखावाड़ी, सिरेगांव, हर्राहेट, पेजनवाड़ा, धमनिया, कोहका, लोनापठार आदि जैसे कई ग्राम में ऐसी अवैध कुचिया चलाई जा रही है । यह सब प्रशासन की नाक के नीचे होता है और इन सब पर कार्यवाही ना करके कहीं ना कहीं प्रशासन की उदासीनता और मिलीभगत दिखाई देती है । इसी वजह से शराब दुकान के ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं और धड़ल्ले से ठेकेदारों के द्वारा अवैध कुचिया का संचालन एवं अवैध शराब का वितरण बड़ी ही आसानी से किया जा रहा है । जिससे युवा वर्ग नशे की लत के आदी होते जा रहा है और आम जनमानस को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । न्यूटन शराब दुकान से भी अवैध कुचिया का संचालन किया जा रहा है । न्यूटन में पुलिस चौकी के पीछे भी कुचिया का संचालन किया जा रहा है । इसी तरह चांदशाह वली क्षेत्र के आसपास भी कुचिया का संचालन किया जा रहा है और धड़ल्ले से शराब का वितरण किया जा रहा है । वहां पर लोगों को बैठाकर शराब परोसी जा रही है । यही हाल छात्रावास के आसपास के क्षेत्र का है । जबकि प्रदेश सरकार के द्वारा कोई भी नई दुकान शराब की नहीं खुलेगी । यह विश्वास प्रदेश की जनता को प्रदेश के मुखिया के द्वारा दिया गया , लेकिन प्रशासन की अनदेखी के चलते कई अघोषित शराब दुकान संचालित हो रही है ।

इन पर प्रशासनिक कार्रवाई होने की बजाय प्रशासन ठेकेदारों पर मेहरबान बना हुआ है । अधिकांश दुकानें रात 12 बजे 1 बजे तक शराब उपलब्ध करा रहे हैं । प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए ।

## आधा घंटे के आंधी तूफान और तेज बारिश से पेड़ गिरे, छतों की टीन उड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोडी में आधा घंटे के आंधी तूफान और तेज बारिश के होने के चलते अफरा तफरी मच गई, इस दौरान कई वृक्ष गिरकर सड़क में आने की सूचना भी प्राप्त हुई। वहीं सिंगोडी से खकरा चौरई रोड और छिंदवाड़ा नरसिंहपुर मार्ग में सड़क किनारे लगे वृक्ष के गिरने से कई घंटे तक आवागमन बंद हो गया काफी मशक्कत के बाद रास्ता साफ हुआ जिसके बाद वाहनों का आवागमन सुरु किया जा सका । सिंगोड़ी के नई आबादी में घरों की छत उड़ने की खबर है पिंडरई डबीर में ओले गिरे और कई घरों की छत भी तेज हवा के कारण उड़ गई वही पोल्ट्री फार्म संचालक इलमन भाई ने जानकारी दी की चिमौआ गांव मैं स्थित मुर्गी पोल्ट्री फार्म की छत उड़ने के कारण लगभग 1500 मुर्गी के बच्चे की मृत्यु हो गई। हेवरखेड़ी नंदौरी में भी आंधी तूफान के कारण 8 से 10 विद्युत पोल गिर गए हैं जिसके कारण उक्त ग्रामों की बिजली बंद है। आज के आंधी तूफान के कारण भारी नुकसान होने की खबर है ।गौरतलब है कि आज सुबह से ही तेज धूप और उमस के कारण लोग हलाकान और परेशान थे बारिश होने से राहत भी मिली है।

### पटरी पर मिली युवक की लाश, पुलिस कर रही मामले की जांच

**छिंदवाड़ा।** सोमवार की सुबह शराब के नशे में घर पहुंचा युवक खाना खाकर निकला और फिर वापस नहीं लौटा। सुबह उसका शव नवेगांव कटारढाना के बीच पटरियों पर क्षत विक्षत हालत में मिला। नशे में हादसे का होना माना जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कटारढाना निवासी सुरेश पिता सिंगारामी उईके नामक युवक शराब पीने का आदि था वो अक्सर नशे में घर आया करता था। परिजनों के अनुसार रविवार की रात भी सुरेश शराब पीकर घर आया उसे खाना मांगा खाना खाने के बाद नवेगांव जा रहूं बोलकर चला गया। इसके बाद सोमवार को सुबह उसका शव रेलवे ट्रेक पर मिला। शव किी पहचान सुरेश के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि सुरेश नशे में घर से निकला होगा औरयहां नशे में सो गया होगा जिसकी वजह से वह ट्रेन से कट गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आयुषी ने किया स्कूल में टॉप

### 10वीं आईसीएसई बोर्ड में बनाए 88 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



आईसीएसई बोर्ड दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी आईसीएसई बोर्ड में आयुषी गड़करी ने दसवीं में क्लास में 88.5 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं लक्ष्य माहेश्वरी 83.5 प्रतिशत दूसरे व सिद्धार्थ चौरसिया 83 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

ज्ञात हो कि नागपुर रोड स्थित अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी जिले का एकमात्र आईसीएसई स्कूल है जिसने विगत तीन वर्षों से दसवीं का रिजल्ट 100 प्रतिशत देते आ रहा है। इसी श्रृंखला में इस बार भी अपना रिजल्ट 100 प्रतिशत दिया है। स्कूल के 53 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए, वहीं 47 प्रतिशत बच्चों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त कर सफलता हासिल की। आयुषी गड़करी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल के विद्वान शिक्षकों, प्राचार्य के अलावा अपने माता पिता को दिया है। वहीं स्कूल की ओर से प्राचार्य एवं डायरेक्टर्स की तरफ से सभी सफल बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है। आयुषी भविष्य में बायोलॉजी विषय लेकर मेडिकल फील्ड में जाना चाहती है। वहीं लक्ष्य माहेश्वरी और सिद्धार्थ चौरसिया सफल इंजीनियर बनना चाहते है।

### हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

**जुन्नारदेव।** मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 34/2019 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी दीपक शीलू पिता गुल्लू शीलू उम्र 38 साल निवासी ग्राम माली थाना जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा को पत्नी भूरी बाई की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है। अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार है कि थाना जुन्नारदेव अंतर्गत ग्राम माली निवासी अभियुक्त दीपक शीलू ने दिनांक 31/08/ 2019 को रात के 10:00 बजे अपनी पत्नी भूरी बाई के साथ खाना खाकर थाली में बचे खाना में हांथ धोने की बात को लेकर झगड़ा कर उसके सिर ,तथा चेहरे पर एवं छाती पर चूल्हे की मोटी लकड़ी से वार कर दिया था जिससे उसकी हत्या हो गई थी घटना की रिपोर्ट प्रार्थी बिसन लाल के द्वारा पुलिस चौकी डूंगरिया थाना जुन्नारदेव में दिनांक 31/08/2019 को की गई।

### निगम ने चलाया शहर को अमानक पॉलीथिन मुक्त करने अभियान



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा विगत दिनों आयोजित हुई स्वच्छ भारत मिशन की बैठक में निकाय के दो बाजारों को अमानक पॉलिथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने के निर्देश दिए थे। इसके पालन में निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा मंगलवार को इंदिरा तिराहे के फल फूल बाजार में कार्यवाही करते हुए, बाजार में उपयोग हो रही अमानक पॉलिथिन को जप्त किया गया तथा दुकानदारों को अमानक पॉलिथिन के उपयोग न करने की समझाइश दी गई।

## आत्मदाह कार्यक्रम के लिए मांगी डीजे की अनुमति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

उमरेठ अग्निकांड के पीड़ित सुभाष नबलु साहू ने अपनी आत्मदाह कार्यक्रम के लिए डीजे लगाने की अनुमति मांगी है । इस बाबत उन्होंने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय आकर आवेदन दिया । दरअसल वे 12 मई को आत्मदाह करने वाले हैं ।गौरतलब है , कि उमरेठ निवासी भाजपा नेता सुभाष नबलू साहू के घर 31 अगस्त 2022 की रात करीब 1 बजे आग लग गई । जिसमें वे अपनी पत्नी और तीन बच्चों सहित बुरी तरह जल गए । पांचो पीड़ितों को नागपुर में भर्ती कराया गया । इस घटना में पीड़ित नबलू साहू की एक मूक बधिर बेटी और दो बेटों की मौत हो गई । इस मामले की जांच अब तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई है । जिससे नाराज होकर पीड़ित नबलु साहू ने आत्मदाह करने की ठान ली है और उन्होंने 12 मई को उमरेठ थाना प्रांगण में पत्नी सहित आत्मदाह करने की चेतावनी प्रशासन को दी है । मंगलवार को उन्होंने अपने इस आत्मदाह कार्यक्रम में डीजे लगाने की अनुमति एसडीएम से मांगी है । श्री साहू का कहना है , कि वे डीजे के माध्यम से अपने नगर की जनता को संबोधित करेंगे और उसके बाद आत्मदाह करेंगे । गौरतलब है , कि इस घटना की जांच दो एस आई टी टीम पहले कर चुकी है और लगातार इस मामले की जांच पुलिस के विशेष अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है । बावजूद इसके अब तक घटना के स्पष्ट कारण सामने नहीं आ पाए हैं । श्री साहू का कहना है कि पुलिस अब तक यह भी नहीं बता पाई है कि आग किन कारणों से लगी है । आग स्वतः लगी है या लगाई गई है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना वाले दिन घटना स्थल के आसपास लगे कुछ सीसीटीवी कैमरे में घटनास्थल की ओर आते - जाते कोई व्यक्ति कैमरे में कैद हुआ है , लेकिन व्यक्ति का चेहरा ढंका होने और अंधेरा होने के चलते व्यक्ति पहचाना नहीं जा सका है।

### डॉ अब्दुल कय्यूम को राष्ट्रीय होमियोपैथी सेवा रत्न से नवाज़ा

**छिंदवाड़ा।** अखिल भारतीय चिकित्सक एसोशिएशन द्वारा वीरजी ऑडोटोरियम बैक्सन होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज ग्रेटर नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय चिकित्सा रत्न सेवा सम्मान 2024, रविवार 5 मई को आयोजित समारोह में सम्पूर्ण भारत में 150 होम्योपैथिक चिकित्सकों में छिंदवाड़ा के डॉ अब्दुल कय्यूम खान को राष्ट्रीय होमियोपैथी चिकित्सा सेवा रत्न से सम्मानित किया गया, सम्पूर्ण भारत में 150 डॉक्टर्स में डॉ खान ने देश छिंदवाड़ा का नाम रोशन किया है।



## जेवर चमकाने के नाम पर 2 लाख का सोना लेकर रफुचक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज शांतिनिकेतन क्षेत्र में निवास करने वाले आरके प्रिंटर्स के संचालक कल्पेश शाह की माताजी को दो सेल्समेन टाइप कपडे पहने युवक बरतन चमकाने वाले पाउडर का प्रैक्टिकल दिखाने की बात कहकर साढे तीन तोले के जेवर लेकर चंपत हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 12 बजे कल्पेश के घर दो सेल्समेन जैसे दिखने वाले युवक आए। इस वक्त घर में कल्पेश की माताजी रेवंतीबाई अमृतलाल शाह एवं धर्मपेत्नी हीना बेन थी।

दोनों युवकों ने महिलाओं को बताया कि हम बरतन चमकाने वाले पाउडर के सेल्समेन है। कंपनी का यह पाउडर दुकानों में काफी महंगा मिलता है। पाउडर के प्रचार प्रसार के लिए हम घर घर जाकर इसे कम दामों में उपभोक्ताओं को बेच रहे है। प्रयोग के तौर पर युवकों ने घर के एक दो बरतनों पाउडर से चमका के दिखा दिया। फिर युवकों ने माताजी से कहा कि आप पहनी हुई गले की चेन और दोनों कंगन भी दे दो अभी एकदम से नए बना देते है। माताजी ने अपने जेवर युवक को सौंपे जिसे युवक ने एक पानी से भरे बरतन में डाल दिया।

उल्लेखनीय है कि पानी भरे बरतन में पाउडर एवं हल्दी पाउडर पहले से डाला गया था। जेवरों को हाथों से खंगालने के बाद युवक ने कहा कि माताजी थोडी से हल्दी और चाहिए।

माताजी हल्दी पाउडर लेने भीतर गई और जब बाहर आयी तो दोनों युवक गायब थे और घर का दरवाजे की कुंडी बाहर से लगा दी गई थी। इसके बाद माताजी ने कल्पेश से मोबाइल पर संपर्क कर उन्हें बुलाया। इसके बाद पुलिस भी पहुंची लेकिन खोजने के बाद भी दोनों युवकों का पता नहीं चल पाया।

## मुख्य मार्केट से अतिक्रमण हटाने पहुंचीं सीएमओ

### व्यापारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए तीन फीट के अंदर अपनी दुकानों का सामान रखने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



नगर पालिका जुन्नारदेव में सीएमओ सुश्री नेहा धुर्वे ने अपने सथ 60 -70 कर्मचारियों का अमला लेकर में मार्केट पहुंची। सीएमओ ने व्यापारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए तीन फीट के अंदर अपनी दुकानों का सामान रखने की हिदायत दी। अन्यथा चालानी कार्रवाई एवं सामान जप्ति की कार्रवाई किए जाने की समझाइश दी गई। मार्केट में अतिक्रमण हटाने की नगर पालिका की कार्रवाई दिन प्रतिदिन तेज होते जा रही है। ज्ञात रहे कि व्यापारियों द्वारा दुकानों का सामान सड़कों पर सजाया जाता है। जिसे आवागमन अवरूद्ध होता है। फोर व्हीलर वाहन निकालने में असुविधा होती है।

उल्लेखनीय है कि नगर के मुख्य मार्केट में दुकानदारों के अतिक्रमण से अनेकों दुकानदार भी प्रताड़ित है ।पूर्व में नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान बाजार से प्रारंभ किया गया था ।जिसके चलते दुकानों के सामने लगी दुकानों को व्यापारियों के पाल पंडालों को नपा.कर्मचारियों द्वारा हटाया गया था। व्यापारियों को हिदायत दी गई कि वह अपनी शटर से 3 फीट के अंदर अंदर ही दुकान का सामान फैलाएं। रोड पर फैलाए जाने वाले सामान को नगर पालिका जब्ती करके कार्रवाई करेगी। नगर पालिका की इस कार्रवाई को लेकर व्यापारियों का कहना है कि यह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सभी के साथ समान रूप से की जाए।

### वालीबाल कैंप में पहुंची नगर पालिका अधिकारी

**जुन्नारदेव-:** वॉलीबॉल शिविर में नगर पालिका परिषद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री नेहा धुर्वे ने कहा कि ऐसे शिवरों के माध्यम से छात्र-छात्राओं राष्ट्र भावना का जागृत होना संभव है । शिविर में भाजपा नेता अपील समिति सदस्य संजय जैन राजेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि ऐसे शिवरों के आयोजन पर नगर पालिका परिषद आपके साथ खड़ी है। नगर अधिकारी सुश्री नेहा धुर्वे ने खिलाड़ियों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए बच्चों को पूरी इच्छा शक्ति के साथ मन लगाकर खेलने एवं राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर अपने माता-पिता का एवं जुन्नारदेव का नाम रोशन करने हेतु हौसला बढ़ाया।

### सीईओ जनपद, बीएमओ और पीएचई के अधिकारियों से भी की वन टू वन चर्चा

## कलेक्टर ने आवासों की जानकारी लेकर शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह मंगलवार को भ्रमण पर जिले के अनुविभाग अमरवाड़ा पहुंचे और एसडीएम कोर्ट व तहसीलदार कोर्ट अमरवाड़ा का औचक निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने एसडीएम कार्यालय में सीईओ जनपद पंचायत, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से अलग-अलग वन टू वन चर्चा भी की और उनके कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसडीएम कोर्ट अमरवाड़ा के निरीक्षण के दौरान वर्ष 2022-23 का डायवर्सन का एक प्रकरण लंबित पाए जाने पर आपत्ति जताई और अविलंब निराकृत करने के निर्देश दिए। इसी तरह तहसीलदार कोर्ट अमरवाड़ा के निरीक्षण के दौरान 3 ऐसे प्रकरण लंबित पाए गए जिनमें मार्च माह के बाद से पेशी नहीं दी गई थी, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त की और सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए समय पर प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे, तहसीलदार श्री राजेश मरावी, नायब तहसीलदार श्री श्रीकांत भूरिया और एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय का स्टाफ उपस्थित था। जिसके बाद उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत श्री जी.आर.डेहरिया से चर्चा कर आदिवासी न्याय महाअभियान अंतर्गत आवासों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और गति के साथ आवास पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बीएमओ डॉक्टर कुरुष ठाकुर से जिले में चल रहे सुरक्षित मातृत्व अभियान की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और शत- प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर उनकी सभी ए.एन.सी जांचें समय पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पी.एच.ई.विभाग की उपयंत्री सुश्री प्रतीक्षा उइके से क्षेत्र में पेयजल प्रदाय की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और यदि कहीं पेयजल समस्या है तो संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। जिस पर उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं है, जिससे पेयजल के परिवहन की आवश्यकता भी नहीं है।

## परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा छिंदवाड़ा-अमरवाड़ा मार्ग में की गई वाहनों की सघन जाँच

# आरटीओ ने 33 वाहनों से वसूल किया 78 हजार 500 रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-अमरवाड़ा मार्ग में सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जिसमें सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई ।



अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिंदवाड़ा-अमरवाड़ा मार्ग में वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 33 वाहनों से 78500 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन क्रमांक एमपी 28 जी 2792 (डम्पर) को सिंगोडी चौकी में जप्त कर 167000 रूपये का बकाया मोटरयान कर जमा कराया गया । वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में भी जांच की जा रही है, जिसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर 3 वाहनों पर 1500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई । उन्होंने बताया कि वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे सभी अपने-अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अतिशीघ्र लगवा लें और मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

## हार्डिकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व को याद किया

छिन्दवाड़ाः- कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. एन.एस. हार्डिकर की जयंती पर स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन स्थित कांग्रेस सेवादल के कार्यालय में आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सेवादल के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने श्री हार्डिकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि श्री डॉ. हार्डिकर को देश में स्वयं सेवी संस्था सेवादल के निर्माता के तौर पर जाने जाते हैं। उनका जन्म कर्नाटक प्रदेश में 7 मई 1889 को एक माध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था, उन्होंने कांग्रेस सेवादल की स्थापना 1923 में की थी। वर्ष 1962 में श्री हार्डिकर राज्यसभा के सदस्य रहे। भारत सरकार ने उन्हें 1960 में पदम श्री से अलकृंत किया। राजीव जी ने प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सेवादल से जोड़ने का प्रयत्न



किया और आज कांग्रेस के नेतृत्व में यह विशाल वट वृक्ष का रूप ले रहा है।मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ व सांसद श्री नकुलनाथ के द्वारा दिये गये निर्देशों व आदेशों के अनुसार यह संगठन सेवा कर्तव्य, समर्पण एवं अनुशासन की भावना के अनुसार अपने सभी प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं से प्रत्येक स्तर पर कांग्रेस की मजबूती व स्वतंत्र भारत की राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक दृढ़ता के लिये हर संभव योगदान कांग्रेस सेवादल के द्वारा दिया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में रमेश बेले, डॉ. शबाना यास्मीन खान, संदीप सिदराम, मुन्ना धुर्वे, अखलेश पवार, कदीर मंसूरी, पवन अंसारी, आकांक्षा वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# धूमधाम के साथ मनाया सती अनुसूया माता का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम बेरडी में अनसूया माता जन्मोत्सव पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अनसूया माता जन्मोत्सव समित, अखिल भारतीय सूर्यवंशी लोणारे कुनबी समाज शाखा दुकान चौक ग्राम बेरडी व ग्राम वासियों के सहयोग से अनसूया माता जन्मोत्सव मनाया गया। रविवार को इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुये। सती अनसूया माता मंदीर दुकान चौक में सुबह 6 बजे मूर्ति का अभिषेक मुहूर्त अनुसार नव विवाहित जोड़े द्वारा किया गया।



पूजा अर्चना कर पश्चात शोभायात्रा निकाली गई जो की ग्राम के प्रमुख मार्गो में दुकान चौक, आंबेडकर चौक, बाजार चौक, विठ्ठल मंदिर मार्ग, माहेश्वरी चौक, श्रावण शेष मंदिर मार्ग, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, बस टॉप, दुकान चौक मार्ग होते हुए अनसूया माता मंदिर पहुंची। महाआरती के बाद महाप्रसाद वितरण शाम को समिति द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में माता के भक्तों ने मंदिर में दर्शन कर शोभायात्रा में शामिल होकर महाप्रसाद का लाभ लिया। ग्राम बेरडी, सायरा, निमनी, खेड़ी, हिवरा, सौंसर व आस पास के भक्त शामिल हुये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य संदीप मोहोड, राजू खंडायत, पिलाजी जानभोर, शंकर गुर्वे, नवनीत टाउरी, शेषराव रूंधे, ज्ञानेश्वर गुर्वे, सरपंच संगीता अरुण गावंडे, उप सरपंच बंडू गुर्वे, अमोल गुर्वे, मनोज जानभोर, सागर रूंधे, चेतन गुर्वे, आशीष गुर्वे, जितेंद्र गुर्वे, हर्शल शेन्दे का समावेश रहा।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सीएम राइज में समर कैम्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

सीएम राइज प्राइमरी स्कूल के कैम्पस में बीते 1 मई से छात्र छात्राओं के सर्वांगिण विकास हेतु समर कैम्प का आयोजन जारी है। यह आयोजन 17 मई तक जारी रहेगा। इस कैम्प में रचनात्मकता, सृजनशीलता, कला एवं अन्य कौशलों के विकास को ध्यान में रखते हुए बच्चों की गतिविधियां संपन्न हुई। समर कैम्प में डांस, आर्ट एवं क्राफ्ट, कर्सिव राइटिंग आदि थीमों पर स्त्रोत विशेषज्ञों एवं शाला टीम के सहयोग से किया जा रहा है। आज मंगलवार को इस समर कैम्प का आकस्मिक निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी योगिराज वानोडे द्वारा किया गया। इन्होंने शाला में की जा रही गतिविधियों की सराहना करते हुए शालेय छात्र छात्राओं को उचित मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर शाला प्रमुख प्रदीप डोबले एवं समस्त शालेय स्टाफ मौजूद रहा।

# उप संचालक पशुपालन डॉ.पक्षवार ने किया अमरवाड़ा में थावडी गौ-शाला का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग छिन्दवाड़ा डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा गत दिवस विकासखण्ड अमरवाड़ा में थावड़ी गौ-शाला जमुनियाकला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ.मयंक परवारी भी साथ में थे । उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.पक्षवार ने बताया कि गौ-शाला में 143 गौ-वंश पाये गये व 20 ट्रॉली भूसा एवं 25 बैग स्वर्णदाना पाया गया। उन्होंने गोबर खाद को नीलामी के माध्यम से विक्रय करने के निर्देश दिये और गौ-शाला को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करने के लिये कहा। गोबर से विभिन्न उत्पाद जैसे कण्डे, गौ-काष्ट का निर्माण व गौ-उत्पाद बनाने के लिये आवश्यक कार्यवाही करने के लिये भी संचालक को निर्देश दिये । गौ-शाला में उचित साफ-सफाई पाई गई। उन्होंने पानी के टांके को चूने से पुताई करने के लिये कहा व गर्मी में पशुओं की उचित देखभाल करने के लिये संचालक को निर्देश दिये।

## पेड़ की डाली की चपेट में आकर 45 वर्षीय महिला की मौत

मामला ग्राम बघोली का

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मंगलवार की शाम को वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में चल तेज ऑधी और तूफान ने कई घरोंकी छप्परे उड़ा दी, तो कईयों की कच्ची दुकाने तहस नहस हो गई,वहींकई पेड़ भी धराशायी हो गए। इस ऑधी तूफान के कारण पेड़ की चपेट में आने से एक 45 वर्षीय महिला की मौत भी हो गई।



जानकारी अनुसार रामपायली थाना अंतर्गत ग्राम बघोली में मंगलवार की शाम को आई ऑधी तूफान के दौरान खेत के एक पेड़ की डाली टूटकर गिरने से उसके नीचे आकर एक 45 वर्षीय महिला लक्ष्मी थानेश्वर पारधी की मौत हो गई। बताया जाता हैं कि जब ऑधी तूफान प्रारंभ हुआ, तो महिला घर के पास सडक़ किनारे खेत में बॅधे हुए जानवरों को लाने के लिए गई और आम के पेड़ से बॅधे हुए जानवरों को खोल रही थी। उसी दौरान आम के पेड़ की एक भारी भरकम डाली टूटकर नीचे गिरी और उस डाली की चपेट में लक्ष्मी पारधी आ गई।

इस घटना को देखकर उसके परिजनों ने तत्काल उसे पेड़ की डाली के नीचे से निकाला, लेकिन तब तक लक्ष्मी पारधी की मौत हो चुकी थी। इस घटना की जानकारी मिलने पर रामपायली पुलिस थाने से नगर निरीक्षक चन्द्रजीत यादव, उपनिरीक्षक राजकुमार झारिया, पुलिसकर्मी आलोक बिसेन व विवेक ठाकरे तत्काल घटनास्थल पर पहॅुचे। जहॉ पर उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत पंचनामा बनाया और मृतिका के शव को उसी के घर में सुरक्षित रखवा दिया हैं। मृतिका का पोस्टमार्टम बुधवार को रामपायली में किया जायेगा।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 6 जून को

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 6 जून को जिला सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित की गई है। सोमवार को टीएल बैठक के तुरंत बाद कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में बैठक संपन्न की जाएगी।

## कक्षा 5 वी और 8 वी की पूनः परीक्षा का टाईम टेबल घोषित

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2023-24 में कक्षा 5वी और 8 वी की पुनः परीक्षा 3 जून से कराने के दिशा निर्देश जारी किये है। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र से प्राप्त जानकारी अनुसार कक्षा 5 वी 8वी की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून 2024 के मध्य करायी जानी है। साथ ही प्रोजेक्ट कार्यो के अंको की प्रविष्टि के संबंध में बताया गया कि ऐसे परीक्षार्थियों जो अनुत्तीर्ण हो गये हो या अनुपस्थित रहे हो, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई 2024 तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्याकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनः परीक्षा केन्द्र जन शिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जाये। छात्रो कि संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा।

## क्रेटा कार ने ट्रायसिकल को मारी टक्कर दिव्यांग घायल

# पिंटू कोठारी ने दिखाई मानवता घायल को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

सरकारी अस्पताल कटंगी में बीपी और शुगर कंट्रोल करने की दवा लेने के बाद घर की तरफ वापस लौट रहे एक दिव्यांग की ट्रायसिकल (तीन पहिया साइकिल) को क्रेटा कार ने टक्कर मार दी. इस सड़क हादसे में ट्रायसिकल सवार दिव्यांग बुरी तरह से घायल हो गया. दिव्यांग के सिर पर गहरी चोट आई. घायल को पिंटू कोठारी नाम के शख्स ने मानवता का परिचय देते हुए अपने वाहन से सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती करवाया. जबकि जिस वाहन ने दिव्यांग को टक्कर मारी.



उसका चालक वाहन को मौके से लेकर फरार हो गया. मिली जानकारी अनुसार अर्जुननाला निवासी फत्तु लाल नागफासे मंगलवार को सरकारी अस्पताल कटंगी में अपनी नियमित दवा लेने के लिए आए थे और दवा लेकर वापस अपने घर की तरफ अर्जुननाला लौट रहे थे. इस दौरान कटंगी बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर पिंटू कोठारी के घर के सामने क्रेटा वाहन क्रमांक एमएच 31 एफई 8887 के चालक ने दिव्यांग की ट्रायसिकल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया. पिंटू कोठारी ने क्रेटा वाहन का पीछा किया लेकिन वाहन चालक तेज रफ्तार से भागने में सफल रहा. वहीं वाहन को पकड़ने की बजाए पिन्टु कोठारी ने पहले घायल फत्तुलाल नागफासे को अस्पताल पहुंचाना उचित समझा और उसे अस्पताल पहुंचाया. दिव्यांग के सिर पर गहरी चोट आई है. सड़क हादसे की सूचना मिलने पर पार्षद प्रतिनिधि डॉ योगराज ठाकरे सरकारी

## कॉलेज में यूजी और पीजी में शुरू होंगे नए विषय

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शासकीय राजा भोज महाविद्यालय कटंगी में स्नातक और स्नातकोत्तर में नए विषय शुरू हुए है. जन भागीदारी समिति स्ववित्तीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज में नए विषयों की शुरुआत की गई है. साथ ही नए शैक्षणिक सत्र से एम.कॉम की कक्षाएं भी शुरू की जाएगी. महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार शेण्डे ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कॉलेज में स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया 01 मई से प्रारंभ हो चुकी है. प्रवेश के लिए दो मुख्य और एक सी.एल.सी चरण होगा. महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य विषय पहले से मौजूद है. अब इस नए सत्र से स्ववित्तीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत दो नए विषय संस्कृत और इतिहास को भी जोड़ा जा रहा है. स्नातकोत्तर कला संकाय के अंतर्गत स्ववित्तीय पाठ्यक्रम में राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ है. वाणिज्य संकाय के अंतर्गत स्नातक में कॉमर्स विषय पहले से है. इस वर्ष से स्ववित्तीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत एम.कॉम, एम.ए. हिंदी, एम.ए. अंग्रेजी में भी प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं. बी.एस.सी में बायो ग्रुप के अंतर्गत भू गर्भ शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान और गणित संकाय के अंतर्गत फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स वही स्ववित्तीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस विषय महाविद्यालय में उपलब्ध है. एम.एस.सी में जूलॉजी, बॉटनी, केमिस्ट्री, मैथ्स में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है. प्राचार्य ने बताया कि किसी भी प्रकार की शंका या समाधान के लिए कला संकाय की प्रवेश प्रभारी डॉ. कुसुमलता उइके, विज्ञान संकाय के प्रभारी डॉ.प्रमोद मेश्राम, वाणिज्य संकाय के प्रभारी भिवेंद्र धुर्वे से विद्यार्थी संपर्क कर सकते है।




## आंधी तूफान से क्षेत्र में कुछ घंटे तक बिजली रही बंद

# आंधी और बूंदाबांदी से मौसम बदला, गर्मी की तपिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज लांजी।

मई के पहले पखवाड़े में झुलसा देने वाली गर्मी वाले मौसम का मिजाज बदल गया है। आसमान में बादल छाने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच मंगलवार की शाम फिर मौसम ने करवट ली और दोपहर बाद नगर सहित पूरे छेत्र भर में धूलभरी तेज हवाएं चली। इस बीच कई जगहों पर हल्की बारिश भी हुई। ग्रामीण अंचल में तेज रफ्तार से आंधी चलने से कई पेड़ धराशायी होने की सूचना है। सुबह से आसमान में उमड़-घुमड़ कर रहे बादल दोपहर बाद शाम को अचानक बरस पड़े। तंदूर सी धधक रही धरती पर बारिश की ठंडी बूंदे पड़ी तो गर्मी के तेवर फीके पड़ गए। बूंदाबांदी के बाद तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई। देर शाम तक



चलने वाले लू के थपेड़ों का दौर अचानक थम गया। शाम को चली ठंडी हवाओं से मौसम खुशनुमा हो गया। तापमान में करीब चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24घंटे के दौरान जिले के अलग-अलग स्थान पर बिजली चमकने के साथ-साथ आंधी तेज हवा 40 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से और ओलावृष्टि होने की संभावना है जिससे आंधी तूफान व बूंदाबांदी से न्यूनतम तामपान में भी गिरावट आने की संभावना है। इससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलेगी। नौतपा से पहले मौसम का मिजाज बदल गया है। आसमान में बादल और आंधी तूफान के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले एक सप्ताह तक आसमान में बादलों की चाल बनी रहेगी। इससे इस साल नौतपा में औसत गर्मी पडऩे की संभावना है। गौरतलब है कि 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो रही है। नौतपा के इन नौ दिनों में सूर्य की किरणें धरती पर लंबवत पडऩे के कारण सबसे अधिक गर्मी पड़ती है, लेकिन इस साल नौतपा के कम तपने का अनुमान है। इस साल फरवरी महीने से ही औसत से अधिक गर्मी महसूस की जाती रही है।

### बाजार में अफरा-तफरी जैसी बनी स्थिति

दोपहर बाद अचानक मौसम में बाए बदलाव की वजह से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। नगर में अधिकांश दुकानदारों में सामग्री बाहर रखने का प्रचलन है। अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू होने से वह अपने सामान को समेटने में परेशान होते दिखे। इसके अलावा ठेला व्यवसाई भी परेशान हुए।

## टीम बनाने के मौखिक आदेश के बाद कलेक्टर के लिखित आदेश का इंतजार कर रहे सीएमओ

# नगर परिषद कटंगी में पीएम आवास महाघोटाला : कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा बैठक ली. उन्होंने महत्वपूर्ण रूप से सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि आगामी 20 मई तक सभी निकायों के अप्रारंभ आवासों की सूची विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत करे साथ ही ऐसे आवास जिनकी प्रथम, द्वितीय या तृतीय क़स्ति जारी हो चुकी है इसके बावजूद आवास अपूर्ण है. ऐसे मामलों में सीएमओ आरआरसी जारी करवाएं. कलेक्टर ने तहसीलदारों को भी इस मामले में वसूली के लिए निर्देशित किया है. कटंगी शहरवासियों के लिए यहां खास बात यह है कलेक्टर ने कटंगी नगरीय निकाय में तीसरी क़स्ति के मामले को संज्ञान में लेते हुए निकाय को टीम बनाकर वस्तुस्थिति क्लीयर करने के निर्देश दिए है. साथ ही इस मामले में जिला पंचायत सीईओ को मूल रिकॉर्ड उपलब्ध कराने को कहा है।

गौरतलब हो कि नगर परिषद कटंगी ने वर्ष 2018-19 में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के करीब 140 से अधिक हितग्राहियों को पांच साल से भी लंबा वक्त बीतने के बाद तीसरी किस्त नहीं दी है. इन हितग्राहियों ने साहूकारों से कर्ज लेकर और बाजार से उधारी में मटेरियल लाकर केवल इस उम्मीद से अपना पक्का आवास तैयार कर लिया कि तीसरी किस्त आने पर वह अपना उधार चुका देगें लेकिन अब तक हितग्राहियों को तीसरी किस्त नहीं मिल पाई है. कथित तौर पर हितग्राहियों की इस राशि में बड़ा हेर-फेर हुआ है. तत्कालीन सीएमओ, नोड़ल अधिकारी उपयंत्री राजेश चौकसे, और लिपिक अशोक दुबे ने गरीबों की राशि में हेर-फेर किया है. हालांकि इस बात की पुष्टि जांच के बाद होगी कि आखिर गरीबों के लिए सरकार से मिली राशि का क्या हुआ. परंतु जिस तरीके से सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि नगर परिषद के पास 01 मात्र डीपीआर की राशि शेष है 05 डीपीआर की राशि आवंटित हो चुकी है तो यही से संदेह शुरू होता कि आखिरकार यह राशि कहां गई. हितग्राही आज परेशान हो रहे है. जबकि जिन



साहूकारों से हितग्राहियों ने कर्ज लिया था और दुकानदारों से सामान उधार लिया था. वह हितग्राहियों पर लगातार मूलधन की राशि वापस लौटाने का दबाव बना रहे है।

बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को बैठक में कटंगी सीएमओ को मौखिक निर्देशित किया कि वह निकाय की टीम बनाकर वस्तुस्थिति क्लीयर करें. इस पर जब मंगलवार को सीएमओ से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि बैठक में मौखिक तौर पर बोला गया है अभी लिखित आदेश नहीं आया है. दिलचस्प बात है कि कलेक्टर जो जिले के प्रशासनिक सर्वेसर्वा है. उनके बैठक में मौखिक आदेश पर सीएमओ अमल करने की बजाए अब लिखित आदेश का इंतजार कर रहे है. हालांकि सीएमओ बताते है कि उन्होंने वार्ड प्रभारियों को वार्डों में सर्वे करने भेजा है. बहरहाल, कलेक्टर के मौखिक आदेश को अगर सीएमओ तवज्जो देते तो शायद आज टीम का गठन कर लिया जाता।

# नगर में पेयजल आपूर्ति ध्वस्त हुई, जनता परेशान

नगरीय क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में विगत तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ध्वस्त हो गयी है और नगर में जो थोड़ी बहुत पेयजल की सप्लाई की जा रही है, वह पेयजल भी बहुत गंदा आ रहा है। पेयजल सप्लाई की लडखड़ाई व्यवस्था से नगर की जनता बहुत अधिक परेशान है और ऐसा प्रतीत होता है कि सिवनी नगर पालिका प्रशासन और परिषद के अध्यक्ष की लापरवाही पूर्ण रवैया से आमजनता में व्यापक आक्रोश है।



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इस आशय की बात सिवनी नगर पालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही। श्री सनोडिया ने कहा कि नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष सहित भाजपा के सभी 14 पार्षदों ने जिला कलेक्टर से भेंट कर नगर में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की मांग की थी। जिस दिन हमारे द्वारा यह मांग की गयी उसके दूसरे दिन से नगर पालिका प्रशासन ने नगर में पेयजल आपूर्ति ठप्प कर दी और जहाँ सप्लाई दी जा रही है वहाँ इतना गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है कि वह किसी भी प्रकार से पीने योग्य नहीं है। श्री सनोडिया ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था में गुणात्मक शीघ्र सुधार लाये अन्यथा हम सभी भाजपा के पार्षद जनता के साथ सड़को पर आकर संवैधानिक तरीके से जनता को सुविधाएँ दिलाने के लिये आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे ।

## इधर ग्राम तेवनी में पेयजल संकट, आंदोलन करेंगे ग्रामीण

बादलपार विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम तेवनी में पीने के पानी के लिए ग्राम तेवनी की जनता और पालतू पशु गाय बैल गाय भैंस बकरियां और सारा जनजीवन पीने के पानी के अभाव में त्राहि त्राहि कर रहे हैं क्योंकि ग्राम तेवनी का विद्युत ट्रांसफार्मर 10,12 दिनों से बिगड़ा पड़ा हुआ है जिसे बार-बार निवेदन करने पर भी विद्युत विभाग ने उस ट्रांसफार्मर का सुधार कर नहीं किया है फल स्वरुप पीने के पानी की सप्लाई विद्युत के अभाव में नहीं हो रही है जिससे ग्रामीण जनता समीप के गांव घाटकोहका और सररा गांव से दूसरों के कुआं और बोर से पीने का पानी लाने के लिए मजबूर है इस स्थिति में जैसे तैसे मनुष्य का जीवन बहुत कठिनाइयों से चल रहा है परंतु पालतू पशुओं के लिए बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है और मुक जानवर बिना पानी के नदी नालो तथा दूसरे गांव जाकर अपनी प्यास बुझाने के लिए भड़कने के लिए मजबूर हैं इसी तरह ग्रामीणों ने प्याज और मूंग की खेती की है वह सूख रही है ऐसी स्थिति में विद्युत विभाग द्वारा तत्काल ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य किया जाना चाहिए।



अतः भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव काम रेड डीडी वासनिक और पीआर इनवाती सहित ग्रामीण जनता धीर सिंह गोपाल वर्मा शिव प्रसाद रामनाथ ब्रज वीके सहित ग्राम टेवनी के समस्त ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर सहित विद्युत विभाग के आला अफसरो से तत्काल ग्राम में बिगडा पड़ा विद्युत ट्रांसफार्मर का सुधार कार्य किया जावे ताकि ग्राम में छाया हुआ अंधेरा और इस भीषण गर्मी में पीने के पानी की सप्लाई तत्काल शुरू की जा सके अन्यथा पूरा गांव का गांव बादलपार विद्युत वितरण केंद्र पहुंचकर जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। इसी तरह इस भीषण तम गर्मी में पूरे जिले में जहां-जहां भी विद्युत के कारण पेयजल की समस्या बनी हुई है उसे तत्काल दूर किया जावे।

# 33 के.व्ही. लाईन के मेन्टनेंस कार्य के चलते कई क्षेत्र रहेंगे प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि आगामी वर्षा ऋतु के मद्देनजर जिले के अंतर्गत स्थापित 33 के.व्ही. लाईनों का प्रातः 6.00 बजे से प्रातः 10.00 बजे तक मेन्टनेंस कार्य संचालित है- जो निम्नानुसार है- 8 मई 2024 को रायखेड़ा फीडर अंतर्गत केवलारी, रायखेड़ा, अलोनीखापा, उगली एवं पंड्या छपारा उपकेन्द्र से जुड़े उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे। इसी तरह 09 मई को फीडर केवलारी ओल्ड अंतर्गत कान्हीवाड़ा, भोमा एवं खैरापलारी उपकेन्द्र से जुड़े ग्राम, 10 मई को फीडर केवलारी न्यू अंतर्गत कान्हीवाड़ा, भोमा एवं भोमा एवं खैरापलारी उपकेन्द्र से जुड़े ग्राम, 13 मई को फीडर छपारा अंतर्गत छपारा उपकेन्द्र से जुड़े समस्त ग्राम, 14 मई को फीडर भीमगढ़ अंतर्गत भीमगढ़, सुरवारा एवं भीमगढ़ उपकेन्द्र से जुड़े ग्राम, 17 मई को आदेगांव फीडर अंतर्गत चमारी उपकेन्द्र से जुड़े ग्राम एवं 18 मई को कलारबांकी फीडर अंतर्गत रामगढ़ (केवलारी) उपकेन्द्र से जुड़े समस्त उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

## बाड़ी में मिला ड्रोन मचा हड़कंप

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** चौक थाना अंतर्गत रायचौर गांव में हरीली लावारिस अवस्था में एक ड्रोन पुलिस मिलने से हड़कंप मच गया। घटना नुसार रविवार शाम की बताई जा रही है। 26) जानकारी के अनुसार गना प्रसाद ने घर चंद्रवंशी की बाड़ी में ड्रोन नजर कर आया और ड्रोन चालू हालत में था। लत इस मामले में पुलिस का कहना है उसे कि संभवतः किसी वैवाहिक समारोह के दौरान ड्रोन रिमोट से आउट ऑफ कंट्रोल हो गया होगा।

## युवक ने जहरीली दवा का सेवन किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** काली चौक क्षेत्र निवासी एक युवक ने जहरीली दवा का सेवन कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रोहित पिता राजेंद्र मरकाम (26) निवासी काली चौक सिवनी ने घर में जहरीली दवा का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

# शराब दुकान को बंद कराने की मांग

सिवनी नगर पालिका परिषद में टैगोर वार्ड से पार्षद सुश्री साक्षी डागोरिया ने जिला आबकारी अधिकारी को बरघाट रोड बिजली घर वार्ड स्थित देशी विदेशी शराब दुकान के सामने हो रही शराब खोरी को बंद कराने के साथ ही यहाँ स्थित शराब दुकान को बंद कराने की मांग की है।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

टैगोर वार्ड की पार्षद सुश्री साक्षी डागोरिया ने अपने पत्र में लिखा है कि बिजली घर वार्ड के नाम से संचालित इस दुकान के समीप माननीय न्यायधीश क्वाटर, ए जे के थाना, स्कूल कालेज जाने का मुख्य मार्ग, सब्जी मंडी, कुर्मी वार्ड प्राथमिक शाला, कबीर वार्ड माध्यमिक शाला, पीछे के मार्ग में भारत रत्न स्कूल, वैष्णोदेवी मंदिर इत्यादि सार्वजनिक स्थल है। पार्षद सुश्री डागोरिया ने कहा कि इन सभी कारणों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने शराब दुकान में अहाता (बैठकर शराब पिलाना) प्रतिबंधित कर दिया है बिजली घर शराब दुकान पर सरकार के इस आदेश का उल्लंघन हो रहा है। पार्षद ने उक्त दुकान के स्थान परिवर्तन की मांग की है।

## अवैध शराब के उत्पादन, भंडारण एवं विक्रय करने वालों पर सतत जारी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में आबकारी विभाग के दल द्वारा 29 अप्रैल 24 से 05 मई 24 तक कार्यवाही करते हुए कुल 203481/- रूपये की अवैध शराब एवं 16 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त करते हुए 10 आरोपियो के विरूध्द प्रकरण पंजीबध्द किए हैं।

# नोटिस जारी होते ही संबंधित व्यापारी दुकान में ताला लगाकर गायब

**हरिभूमि न्यूज छपारा।**

नगर के बस स्टैंड शांपिंग काम्पलैक्स के कमरा नंबर 33 में संचालित दुकान को पूर्व में आवंटित कमरा नंबर 27 में स्थानांतरित करने का आदेश उच्च न्यायालय से नगर परिषद छ्पारा को मिला है। इसके बाद काम्पलैक्स की दुकान खाली कराने नगर परिषद ने कवायद शुरू कर दी है। लेकिन नोटिस जारी होते ही संबंधित व्यापारी ने कमरा नंबर 33 स्थित अपनी दुकान में ताला लगाकर गायब हो गया है। ऐसे में उच्च न्यायालय के आदेशों के तहत तीन दिनों की समय अवधि में दुकान खाली कैसे होगी इस उलझन ने नगर परिषद छपारा के अधिकारियों को चिंता में डाल दिया है। जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट से आदेश प्राप्त होते ही 2 मई को नगर परिषद ने नोटिस जारी कर कमरा नंबर 33 में काबिज दुकानदार सुरेश कुमार पुत्र हरलाल विश्वकर्मा को तीन दिनों में दुकान खाली करने कहा है। नोटिस में कहा गया है कि जबलपुर हाईकोर्ट में आदेश के परिपालन में पूर्व में दुकानदार को बस स्टैंड के नवीन परिसर के कमरा नंबर 27 आवंटित किया गया था। लेकिन दुकानदार द्वारा बस स्टैंड के कमरा नंबर 33 में दुकान लगाकर व्यवसाय किया जा रहा है। उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दुकान क्र. 33 खाली कर ग्राम पंचायत द्वारा आवंटित दुकान क्र. 27 में अपनी दुकान तीन दिवस के भीतर स्थानांतरित कर नगर परिषद कार्यालय को अवगत कराया जाए। इस अवधि में दुकान क्र. 33 खाली नहीं करने पर नगर परिषद द्वारा दुकान में ताला लगाने की कार्रवाई की जाएगी। नोटिस जारी होते ही व्यापारी दुकान में ताला लगाकर गायब हो गया है। ऐसे में उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन कराना नगर परिषद कार्यालय के लिए चुनौती बन गया है।




जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में बस स्टैंड स्थित शापिंग काम्पलैक्स नीलामी में हुई गड़बड़ी के कारण इस दुकान को लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इस पर हाई कोर्ट ने दिए फैसले में कहा है कि जब दुकानदार को कमरा नंबर 27 आवंटित हैं, तो वह कमरा नंबर 33 में क्यों काबिज है। इसे खाली कराने के आदेश नगर परिषद को दिए गए हैं। इस पर नगर परिषद के सीएमओ श्याम गोपाल भारती ने उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देकर तीन दिन में दुकान खाली करने का नोटिस दुकान में चस्पा कर दिया है। इसके बाद भी दुकानदार द्वारा काम्पलैक्स की दुकान खाली नहीं की जा रही है। ऐसे में तीन दिन की समय सीमा बीत जाने के बाद नगर परिषद द्वारा क्या कार्रवाई की जाएगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

## पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए MPTAAS Portal में 15 मई तक करें ऑनलाईन आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि पिछड़ा वर्ग छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए छात्र/ छात्राओं द्वारा किसी कारण छात्रवृत्ति आवेदन नहीं किया गया था, ऐसे समस्त विद्यार्थी MPTAAS Portal पर नवीन एवं नवीनीकरण एवं शैक्षणिक सत्र 2023-24 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन 15 मई 2024 तक कर सकते हैं।

# मध्यप्रदेश राज्य पुरुष हॉकी अकादमी हेतु चयन ट्रायल 9 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मध्यप्रदेश राज्य पुरुष हॉकी अकादमी हेतु चयन ट्रायल 09.05.2024 को सिवनी में संचलनालय, खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार म.प्र. राज्य पुरुष हॉकी अकादमी भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु म.प्र. राज्य पुरुष हॉकी अकादमी का प्रतिभा चयन कार्यक्रम पूरे मध्यप्रदेश में विभिन्न तिथियों में किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला सिवनी में दिनांक 09.05.2024 दिन गुरुवारा को समय सायं 04:30 बजे से मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम सिवनी में किया जा रहा है। जिसका अंतिम चयन कार्यक्रम दिनांक 27 मई से 29 मई 2024 तक मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम भोपाल में होना है। जिला मुख्यालय में प्रतिभा चयन चयन हेतु डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी संचालनालय एवं प्रभारी हॉकी अकादमी भोपाल, मो. समीर दाद मुख्य प्रशिक्षक, श्री लोकेन्द्र शर्मा उच्च तकनीकी प्रशिक्षक, डॉ. हबीब हसन जिला हॉकी प्रशिक्षक एवं श्री अमित राठौर संविदा खिलाड़ी प्रशिक्षक को दायित्व संचालनालय के द्वारा सौंपा गया है। उक्त प्रतिभा चयन कार्यक्रम में सिवनी सहित सिवनी के समीपी जिले बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, नरसिंहपुर एवं आसपास के अन्य जिलों के खिलाड़ी चयन स्थल पर आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित उपस्थित हो सकते हैं। प्रतिभा चयन से संबंधित जानकारी हेतु उपरोक्तानुसार गठित समिति के साथ - साथ कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी सिवनी के हॉकी प्रशिक्षकों से सपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। प्रतिभा चयन में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को आने-जाने का किराया एवं आवास, भोजन व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

# भगवान ना करे डीजल पेट्रोल बेचने वालों के साथ ना हो कोई बड़ी घटना

धूमा के अंतर्गत आने वाले कुछ ग्रामों में इन दिनों डीजल पेट्रोल का बड़ा व्यापार किया जा रहा है जैसे की धूमा से गोटेगांव जाते वक्त सिवनी जिले के बॉर्डर तक दो पेट्रोल पंप होने के बावजूद भी फुटपाथ में डीजल पेट्रोल बेचने के लिए लोगों की क्या मजबूरी है। यह समझ के परे है दरगडा में भी दो लोग खुलेआम डीजल पेट्रोल का बड़ा व्यापार करते हैं फिर वहां से देवरी में उसके बाद सलैया में फिर गाडरवारा में भी बड़ी मात्रा में डीजल पेट्रोल अपनी दुकानों से बोतल में भर के बेचा जाता है

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सूत्र यह भी बताते हैं कि यदि डीजल पेट्रोल का व्यापार होता है तो शाहपुरा चरगंवा होते हुए इन छोटे गांव में डीजल पेट्रोल का बड़ा व्यापार किया जाता है फिर इसके बाद धनककडी सनाईडोंगरी मकरझिर घूरवाड़ा धूमा मैं भी डीजल पेट्रोल का अपनी दुकानों से बेचते हुए देखे जा सकते हैं हर 10 किलोमीटर में पेट्रोल पंप संचालित हो रहे हैं तो फिर छोटी बड़ी दुकानों में डीजल पेट्रोल क्यों बेचा जा रहा है यह तो खाद्य विभाग के ऊपर भी सवाल उठता है क्योंकि हर काम शायद पुलिस नहीं कर सकती लेकिन यदि पुलिस भी चाहे ले तो खाद विभाग को भी पता ना चल पाए धूमा में कम से कम 4 से 5 दुकान भी ऐंसी है जहां खुला बोतलों में डीजल पेट्रोल का व्यापार करते हुए देखा जा सकता है क्योंकि इन्हें यदि पुलिस डर होता तो शायद यह काम करने से पहले 10 बार सोचते लेकिन अब पुलिस के डर नाम का चीज लोगों पर खत्म होते जा रहा है क्योंकि यदि पुलिस भी टाइट हो जाए तो फिर लोगों में कर रहे दो नंबर के काम में भी डर आ जाए डीजल पेट्रोल से संबंधित कुछ प्रदेश में ऐसी घटनाएं भी हुई है जहां पर लोग का कुछ भी नहीं बचा पाए हैं ऐसा ही धूमा उपनगर के अंतर्गत कुछ बड़े गांव में डीजल पेट्रोल बेच जा रहे हैं जिस पर धूमा पुलिस को लगाम लगाने की जरूरत है जब पेट्रोल पंप संचारित हो रहे हैं तो फिर डीजल पेट्रोल बेचने का अधिकार इन लोगों को किसने दिया यह भी एक बड़ा सवाल है कुछ दिन पहले भी दुकानों में बिक रहे डीजल पेट्रोल के मामले में अभी कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने खाद्य विभाग और पुलिस विभाग सिवनी को भी पत्र लिखा है की डीजल पेट्रोल बेचने वालों के ऊपर कार्यवाही की जाए क्योंकि कभी कोई बड़ी घटना ना हो पाए खाद्य विभाग या पुलिस यदि कार्यवाही करेगी तो बड़ी केन पर डीजल पेट्रोल बड़ी मात्रा में पकड़ा जा सकता है नागनदेवरी के गाडरवारा में भी कुछ दिन पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था जो की एक किराना दुकान से बड़ी मात्रा में डीजल पेट्रोल का व्यापार बड़ा व्यापार करते कैमरे पर कैद किया गया था अब सवाल रहेगा खाद्य विभाग और पुलिस विभाग पर की कौन सी टीम कब छापा मारती है या फिर दोनों विभागों की सहमति से डीजल पेट्रोल का व्यापार करते हुए व्यापारियों को फल फूल रहने की इच्छा

# अमर शहीद विक्की पहाड़े की अंतिम यात्रा में शामिल हुआ मातृ शक्ति संगठन

## तीन बहनों का इकलौता भाई देश के लिए कुर्बान



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जम्मू-कश्मीर के पूंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में छिंदवाड़ा निवासी विक्की पहाड़े भी शहीद हुए हैं। नोनिया करबल निवासी विक्की पहाड़े का जन्म 1 सितंबर 1990 को हुआ और नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी में 12 की पढ़ाई के एक साल बाद ही साल 2011 में उनकी नॉकरी भारतीय वायुसेना में लग गई। उनके पिता स्व. दिमाक चंद कांट्रेक्टर थे और माँ दुलारी पहाड़े व पत्नी रीना पहाड़े गृहणी हैं। संगठन ने अमर शहीद के गृह ग्राम नोनिया करबल पहुँचकर परिवार से मुलाकात की जहाँ उनकी पत्नी और माँ अपनी सुध खो चुकी थीं वहीं 5 वर्षीय बेटा हार्दिक इस दुःख भरे पहाड़ के टूटने पर भी अंजान है वो नहीं समझ पा रहा है कि उसके पापा अब कभी वापस नहीं आएंगे। 5 वर्षीय बेटे को इंतजार है कि जून में उसके पापा उसके जन्मदिन पर बड़ा सा तोहफा लेकर आने वाले हैं। संगठन ने इस परिवार के दुःख में सहभागिता निभाई और ये विश्वास दिलाया कि वो अकेले नहीं है। संगठन हमेशा उनके साथ है। ततपश्चात संगठन अमर शहीद की अंतिम यात्रा में शामिल होकर मोक्ष धाम पहुँचा एवं शहीद विक्की भाई को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बाल विवाह रोकने टीम गठित कर बनाया गया कंट्रोल रूम जारी किये नम्बर

**केवलारी।** अक्षय तृतीया की तिथि को देखते हुए जिला कलेक्टर क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में टीम का गठन किया गया जो की छेत्र मे बाल विवाह रोकने हेतू सछम है जिसमे दल प्रमुख अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केवलारीए सदस्य तहसीलदार केवलारी परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग केवलारी खंड चिकित्सा अधिकारी केवलारी खंड शिक्षा अधिकारी केवलारी थाना प्रभारी केवलारी रहेगे । जो की किसी भी माध्यम से सूचना मिलने पर बाल विकाश परियोजना अधिकारी दल से समन्वय स्थापित करते हुये बाल विवाह रोकथाम हेतु मोके पर विवाह रोकने हेतु जिम्मेदार रहेगे ईसी कडी मे महिला बाल विकाश विभाग केवलरी मे द्वारा कट्रोल रूम स्थापित कर श्रीमति अनिता बिसेन सुपरवाईजर मोबाई नं9926792431 संतोष पाठक 9977366886 थाना प्रभारी केवलारी 9479998081 076949478054ए नम्बर जारी किये गये है । महिला बाल विकाश अधिकारी श्रीमति किरण सोलंकी ने बताया की यदि18 से कम उर्म की बालिका एवं 21 वर्ष से कम उर्म के बालक का विवाह होता है तो वह बाल विवाह के अंतर्गत आता है बाल विवाह की किसी भी व्यक्ति को जानकारी लगती है तो निम्न नम्बर मे संपर्क कर जानकारी दे सकते है ।

# मित्र के पास धन की लालसा से नहीं जाना चाहिए, मित्र संकट में हो तो बिना बुलाये जाना

**केवलारी।** समीपस्थ ग्राम सरेखा में चल रही श्री मद् भागवत कथा के सप्तम दिवस में कथा व्यास पीठेश्वर ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज जी ने कहा कि मित्र यदि संकट मे हो तो बिना बुलाये जाना चाहिए, धन की लालसा से मित्र के पास नहीं जाना चाहिए । कृष्ण सुदामा बचपन के सहपाठी थे -श्री कृष्ण द्वारकाधीश है,सुदामा निर्धन ब्राह्मण फिर भी सत्यवादी ब्राम्हण द्वारका नहीं जाता ओर मित्रता की दुहाई देता है सुद्दामा पत्नी सुशीला के कहने पर केवल -श्री कृष्ण के दर्शन की मुल भावना लेकर द्वारका गये थे । हमेशा जीवन मे मित्र भी -श्री कृष्ण जी जेसे कर्म प्रदान -श्री राम जी जेसे त्यागी महापुरुष के साथ करना चाहिए । दान भी सुपात्र को देना कुपात्र को दान करने से पुण्य के विपरीत फल प्राप्त मिलता है क्योंकि कुपात्र व्यक्ति को दिया गया दान का दुरुप्रयोग होता है। श्री कृष्ण जी की आठ पटरानियों सहित नरकासूर की कैद से रिहा की गयी 16100 राजकुमारीयो से विवाह का वर्णन किया। जरासंध, शिशुपाल के वध का वृतांत कहा । महाराज श्री ने कहा कि सरेखा गांव मे सुंदर लाल दुबे परिवार द्वारा आयोजित की गई। इस कथा को जिसने भी तन, मन, धन से सफल बनाने में सहयोग किया उन सब पर भगवान श्री कृष्ण की कृपा बनी रह हमारे जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज का आशीर्वाद बना रहे ऐसी मंगल कामना करते हैं और साथ ही बताया की कोई भी कार्य में तीन लोग पवित्र होते हैं सत्कर्म जो करता है, जो करवाता है और उसमें जिसकी भागीदारी या सहयोग करता है वो सब तर जाते हैं । जैसे भगवती गंगा उनको जो लाया वो पवित्र हुआ, जिसके लिए लाया वो पवित्र हुआ और आज तक जो डुबकी लगा रहे वो पवित्र हो रहे उसी प्रकार ये हरि कथा भी एक गंगा है जो लाया वो पवित्र होता है जो कथा सुनने आते है वे भी इस में तर जाते हैं और साथ ही पूज्य श्री ने बताया की कोई भी कार्यक्रम का श्रेय किसी न किसी को दिया जाता है तो इस कथा का श्रेय अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज को देते हुए बताया की उनकी अहेतु की कृपा से ही ये कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुआ हम उनके श्री चरणों में कोटिशः प्रणाम करते हुये श्री मद्भागवत कथा का विश्राम देते हैं ।

## तैयारी में जुटे ब्राम्हण समाज के युवा

# छपारा में परशुराम प्राकट्योत्सव पर तीन दिवसीय वृहद आयोजन

**हरिभूमि न्यूज छपारा।**

ब्राम्हण समाज के द्वारा सनातन धर्म में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम का प्राकट्योत्सव हर वर्ष की तरह इस बार भी अक्षय तृतीया (वैशाख शुक्ल तृतीया) को 10 मई से प्रारंभ होकर 12 मई तक (वैशाख शुक्ल पंचमी) अर्थात आदि शंकराचार्य के प्राकट्योत्सव के दिन तक भव्य समारोह पूर्वक मनाया जायेगा।उक्त जानकारी छपारा ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष द्वारा दी गई उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि समाज



के वरिष्ठ विप्रजनों के निर्देश एवं जिला ब्राम्हण समाज के मार्गदर्शन में प्रथम दिन 10 मई शुक्रवार को बैनगंगा नदी तट स्थित शिव मंदिर के निकटस्थ सिद्धघाट पर अवतरण दिवस पर भगवान परशुराम का सुबह 9 बजे से दोपहर तक विधिवत वैदिक पूजन अर्चन का कार्यक्रम संपन्न होगा।

वहीं दूसरे दिन 11 मई शनिवार को रात्रि में श्रीराम मंदिर में सुंदरकांड का पाठ एवं तीसरे दिवस 12 मई दिन रविवार को आदि शंकराचार्य के जन्मोत्सव पर शाम के समय नगर के श्रीराम मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जायेगी जो सिंचाई कालोनी के समाने स्थित निजी लान पहुंच कर शोभा यात्रा का समापन होगा, जहां जिले भर से आने वाले जिला ब्राम्हण महासभा अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं विद्वान अतिथियों की उपस्थिति में धर्मसभा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ-साथ परिवार मिलन एवं सामाजिक स्नेह भोजन का आयोजन हैं। इस वृहद एवं भव्य कार्यक्रम की तैयारियों में छपारा नगर के ब्राम्हण समाज के वरिष्ठजन एवं युवा प्रति दिन नगर के प्रत्येक वार्ड सहित छपारा जनपद क्षेत्र के नांदिया, चमारी, डांगावानी, गुंदरई, देवरी, गणेशगंज, सादक सिवनी, बर्रा, बिछुआ एवं जिले के बड़ोल, बखारी, चारगांव, खैरी, केवलारी जैसे समस्त ग्रामों में निवासरत लगभग 400 के आसपास ब्राम्हण परिवारों से घर-घर जाकर संपर्क कर आमंत्रण दिया जा रहा हैं।

ब्राम्हण समाज छपारा के अध्यक्ष एवं समस्त वरिष्ठजनों के द्वारा भीषण गर्मी में तैयारियों में जुटे कार्यकर्ताओं को साधुवाद के साथ सभी क्षेत्रीय जनों से सपरिवार आयोजन में उपस्थित होने के आमंत्रण के साथ इस धार्मिक कार्य में सहभागिता के साथ पूण्यलाभ अर्जन का निवेदन किया गया है।

# विश्व अस्थमा दिवस पर आयोजित हुआ सेमिनार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा आज दिनांक 7 मई 2024 को विश्व अस्थमा दिवस पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ रुचिका यदु ने बताया कि अस्थमा एक दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारी है। इससे वायुमार्ग बहुत संकीर्ण या सूज जाते हैं, जिसके कारण हवा फेफड़ों तक नहीं पहुँच पाती। इससे व्यक्ति को सांस लेने में कठिनाई होती है। अस्थमा का मामूली लक्षण भी दैनिक गतिविधियों को प्रभावित कर सकता है। अस्थमा के कुछ सामान्य लक्षण सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द, खांसी और घरघराहट हैं। हर साल, विश्व अस्थमा दिवस इस विकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अस्थमा से पीड़ित लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए क्या किया जा सकता है, इस बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व अस्थमा दिवस का विषय है- अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण। बॉटनी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ



नवांगे ने अस्थमा से पीड़ित लोगों को उनकी बीमारी का प्रबंधन करने और चिकित्सा सहायता लेने के समय को पहचानने के लिए उचित शिक्षा के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों से अस्थमा से होने वाली निरंतर परिहार्य रुग्णता और मृत्यु दर के बारे में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया जाता है। इस अवसर पर डॉ. डिंपल डेहरिया एवं श्रीमती अनीता कुल्हाड़े का सहयोग प्राप्त हुआ।

**खबर संक्षेप**

## एडीपीओ पद पर रजनी वानखेड़े का चयन



**वारासिवनी।** बीते दिनों मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित की गई सहायक लोक अभियोजक अधिकारी एडीपीओ के परिणाम घोषित किए गए है। जिसमें जनपद पंचायत खैरलॉजी अंतर्गत ग्राम भौरगढ़ निवासी वानखेडे परिवार की बहू रजनी वानखेडे का चयन एडीपीओ के लिए हुआ हैं। उन्होंने ओवरऑल 135 वीं रैंक प्राप्त की हैं। विदित हो कि रजनी वानखेडे के पति स्वर्गीय मनोज वानखेडे महिला एवं बाल विकास विभाग में परियोजना अधिकारी के पद पर छिंदवाड़ा में पदस्थ थे। डेढ़ वर्ष पूर्व उनके आकस्मिक स्वर्गवास के बाद उन्होंने तकलीफों में अपने दो बच्चों की परवरिश करने के साथ पढ़ाई भी जारी रखी, जिसके फलस्वरूप वह एडीपीओ के पद पर चयनित हुई हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय पति की प्रेरणा और परिवार के लोगों से मिले मार्गदर्शन को दिया हैं।

## जिले के 9 उपार्जन केंद्रों में 31 मई तक होगा गेंहू व चना उपार्जन कार्य

**बालाघाट।** जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसो उपार्जन के लिए 31 मई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में पंजीकृत किसानों के लिए गेंहू व चना उपार्जन के लिए 9 उपार्जन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। इन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर उपार्जन अब 31 मई तक किया जा सकता है। बालाघाट के उपार्जन केंद्र गोंगलई विपणन सहकारी समिति टाकाबर्रा में बालाघाट के 579 व किरनापुर के 308 किसानों ने पंजीयन करवाया है। वही खैरलांजी तहसील के उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति खरखड़ी सेवा सहकारी समिति मर्यादित सावरी में 931 तथा शासकीय कृषि प्रक्षेत्र किन्ही सेवा सहकारी समिति मर्यादित खैरलांजी में 555 किसान शामिल है।

### शासन को हो रोजाना लाखों का नुकसान, जिम्मेदार बने अनजान

# असली बोतल, नकली शराब...? देसी विदेशी शराब दुकानों में ग्राहकों को नहीं दिए जा रहे शराब के बिल

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा क्षेत्र में लाइसेंसी देसी विदेशी शराब दुकान जाम, कंजई, खमरिया, बिरसोला, कनकी, लालबर्रा की दोनो शराब दुकानो मे शराब खरीदने पर ग्राहकों को शराब का बिल नहीं दिया जा रहा है जिससे ग्राहकों में असंतोष देखा जा रहा है। आपको बता दे की शराब दुकानों में प्रिंट रेट से ज्यादा दाम में शराब बेची जा रही है और ग्राहकों को शराब का बिल मांगने पर बदतमीजी की जा रही है और कहा जा रहा है बड़ा आया बिल, हमारा सवाल आबकारी विभाग से है कि किसी भी दुकान में ग्राहक कोई भी वस्तु खरीदने हैं और ग्राहक उसका बिल मंगता है और दुकानदार बिल भी देते हैं फिर शराब दुकानों में बिल क्यों नहीं दिया जा रहा है। आबकारी विभाग कृपया उक्त मामले पर गंभीर होकर कार्रवाई करें ठेकेदार द्वारा ग्राहकों को शराब का बिल ना देना कहीं ना कहीं शासन को नुकसान पहुंचा रहा है। आबकारी विभाग को चाहिए कि वे लाइसेंसी दुकान का आकस्मिक निरीक्षण कर शराब के शौकीनों से खरीदी करवाए जब ही पता चल पाएगा कि शराब के ठेकेदार मनमानी पर उतारू है और ग्राहकों को बिल न देते हुए शासन को रोजाना लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं, जिला कलेक्टर कृपया मामले पर संज्ञान ले और शासन को रोजाना हो रहे नुकसान को रोके।




## डोंगरमाली, वारासिवनी शाखा कर्मचारियों की सीईओ ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट आर.सी. पटले मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दिनाँक 07.05.2024 को वारासिवनी और डोगरमाली के शाखा प्रबंधक, सुपरवाइजर, संस्था प्रबंधकों की बैठक वारासिवनी में ली। इस अवसर पर पी. जोशी लेखा प्रबंधक, राजेश नागपुरे फील्ड अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान श्री पटले ने पैक्स ऑनलाइन, समिति के नियमित कार्य सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विजय मिश्रा, ऋषि हरिनखेडे, एस.डी. अंकर, सदानंद पटले सहित सुपरवाइजर, संस्था प्रबंधक, समिति कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार को बचाने के पलटा शकर से भरा ट्रक



### *बाल-बाल बचे चालक-परिचालक; क्रेन की मदद से ट्रक को निकाला*

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के धापेवाडा मोड़ के पास मंगलवार दोपहर कार को बचाने में शकर से भरा ट्रक पलट गया। हालांकि घटना में चालक और परिचालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई है।

जानकारी के अनुसार बालाघाट-लामता मार्ग पर जिला मुख्यालय से लगभग 8 किमी दूर ग्राम धापेवाडा मोड पर एक कार चालक को बचाने में शकर से भरा ट्रक पलट गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद क्रेन की मदद से ट्रक को सीधा किया गया।

## सरपंच से बरामद गांजे के तार उड़ीसा से जुड़े, उड़ीसा रवाना पुलिस टीम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले में अवैध मादक पदार्थ गांजे का बड़ा काम है, चोरी- छिपे, गांजे का विक्रय मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलो तक फैला है, हालांकि समय-समय पर सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्यवाही की है, लेकिन इस बार पुलिस, बालाघाट में गांजे की सप्लाई चेन तक पहुंचने में जुटी है, ताकि जिले में गांजा सप्लाई चेन को ब्रेक कर सके और यही वजह है कि बालाघाट में विगत दिनों गांजे की बड़ी खेप के साथ पकड़ाए गए डोंगरमाली सरपंच मनोज लिल्हारे से रिमांड में पूछताछ के बाद पुलिस उसे अपने साथ उड़ीसा लेकर गई है. सूत्रों की मानें तो पुलिस को, आरोपी मनोज लिल्हारे से पूछताछ में बालाघाट में उड़ीसा से गांजा सप्लाई किए जाने के इनपुट मिले है, जिसके आधार पर मामले की विवेचना में जुटी एक टीम, आरोपी मनोज लिल्हारे को लेकर उड़ीसा के लिए रवाना हुई है। गौरतलब हो कि विगत 03 मई को कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत रामपायली क्षेत्र अंतर्गत डोंगरमाली पंचायत सरपंच मनोज लिल्हारे और उसके साथी आनंद दमाहे को सवा लाख रूपए कीमत के 22 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया था. पुलिस के अनुसार सरपंच मनोज लिल्हारे और उसका साथी आनंद दमाहे के इनोवा वाहन क्रमांक एमपी 50 सीए 1702 में गांजा लेकर, विक्रय करने रेंजर कॉलेज बॉयज हॉस्टल के पास खड़े होने की सूचना पर रेड करते हुए दोनो ही आरोपियों को पकड़ा गया था. जिनके पास से वाहन में रखा 22 किलो गांजा बरामद किया गया था. चूंकि आरोपी मनोज लिल्हारे, एनडीपीएसएक्ट में दो थानो से फरार चलने और जिले सहित पड़ोसी छत्तीसगढ़ में अपराध दर्ज होने पर पुलिस ने नजर उस पर थी और गत दिवस विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी मनोज लिल्हारे और साथी को मय गांजा के साथ बरामद किया।



## मौसम का बदला मिजाज : तेज हवा-तूफान चला, शाम के बाद छाए रहे बादल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में बीते कुछ दिनों से तेज गर्मी के एहसास ने लोगों को परेशान कर दिया था। सुबह से ही तापमान के बढ़ने का असर सुनसान होती सड़कों से नजर आने लगा था। गर्मी के तेवरों से लोग परेशान थे।

इसी बीच 7 मई मंगलवार को दोपहर 4 बजे के बाद मौसम बदला और तेज हवा-तूफान के साथ आसमान काले बादलों से ढक गया। मौसम परिवर्तन के चलते आसमान काले बादलों से ढंका रहा और आसमानी गड़गड़ाहट होती रही। मई की गर्मी में मौसम परिवर्तन से राहत देखी गई। मौसम के जानकारों का कहना है कि मौसम परिवर्तन का असर अभी और कुछ दिन रहेगा। साथ ही हल्की बारिश होने की भी संभावना है।

# संत शिरोमणि नंदा सेन महाराज की 724 वी जयंती पर हुआ भव्य विशाल भंडारा

### हजारों सनातन धर्म के धर्मावलाबियो ने लिया महाप्रसाद का लाभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

7 मई को सेन चौक बालाघाट पॉलिटेक्निक कॉलेज में जिला स्तरीय सेन जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जहा जिले के समस्त पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे बालाघाट केश शिल्पी सेन नाई समाज द्वारा सेन चौक पॉलिटेक्निक कॉलेज में सर्व प्रथम सेन समाज के पदाधिकारीयो द्वारा सेन चौक में सेन महाराज की प्रतिमा का विधि विधान से पूजा अर्चन किया गया एवम महाआरती कर भोग लगाकर महाप्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया जहा हजारों सेन समाज के साथ छेत्र सहित आने जाने वालों ने लाभ लिया।आपको बता दें कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सेन समाज के आराध्य देव नंदा सेन महाराज का 724 वी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा हैं, वहीं संत शिरोमणि केश शिल्पी सेन नाई समाज के जिला अध्यक्ष भास्कर भारद्वाज ने बताया की सेन महाराज के जन्मोत्सव पर जिले के समस्त ब्लाक में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जो की पुरे जिले में पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हैं,इसी कड़ी में आज सुबह से ही समस्त जिले के एवम नगर में प्रभात रैली निकाल कर संत सनातन धर्म को बनाए रखने का एक हिस्सा बन सनातन संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं उन्होंने बताया कि स्थानीय सेन चौक पर 7 मई दिन मंगलवार को बालाघाट में जिला स्तरीय सेन जन्मोत्सव समारोह रखा गया है जहा सुबह से ही, स्थानीय सेन चौक पर भजन कीर्तन कर, सेन समाज के वरिष्ठों का सम्मान सेन समाज के भविष्य ,छात्र - छात्राओं ,जिन्होंने , 70//- अंको के साथ मैरिट सूची में अपना नाम अंकित किया उन निखरते भविष्यो को आकर्षक पुरुस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। तत्पश्चात सेन चौक पर, शाम सात बजे से, विशाल भव्य भंडारा कराया जाएगा जिसमें सभी स्वजाति बंधुओ सहित सनातन धर्म बंधुओ को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर पुण्य लाभ अर्जित करें,, उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक बंधुओं से अपील किया है कि आज सेन महाराज के जन्मोत्सव पर अपने अपने घरों में पर्व त्यौहार मनाते हुए कम से कम ग्यारह दिए जलाए एवम अपने एवम अपने परिवार को सनातनी होने का परिचय दे।



## 19 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए



**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंगलवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि मंगलवार को 19 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 816 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए। इस दौरान एडीएम जीएस धुर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी गजेंद्र कठाने तथा राजनितिक पार्टी से भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, बीएसपी से गगन सोनी व इंजी. महेंद्र, निर्दलीय रघुवीर चौहान और पोस्टमेन रक्षित डोंगरे उपस्थित रहे।

### 2 चोर गिरफ्तार और एक नाबालिग को पुलिस ने किया निरुद्ध

# 3 बाइक और 5 मोटर पंप की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** इन दिनों कटंगी पुलिस एक्शन मोड में काम कर रही है. खासतौर से बाइक चोरी और खेतों से मोटर पंप चोरी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई की है और इसमें पुलिस को सफलता भी मिली है. पुलिस ने मोटर पंप चोरी के मामले में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. वहीं बाइक चोरी के मामले में एक नाबालिग को निरुद्ध किया है. पुलिस ने प्रेस नोट जारी कर इन चोरों की जानकारी साझा की है. वहीं चोरों को माननीय न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश किया है. पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस माणिक मणि कुमावत के निर्देशन और थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले के मार्गदर्शन में मोटर पंप चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. वहीं बाइक चोरी करने वाले नाबालिग को निरुद्ध किया गया। पुलिस के मुताबिक मोटर पंप चोरी के मामले में महेन्द्र कुमार टेकाम उम्र 24 वर्ष निवासी लोहाग्री रैययतवाड़ी टोला और हसीद शेख उम्र 27 वर्ष निवासी अब्दुलटोला नारवंजपार थाना वारासिवनी को गिरफ्तार किया गया. इन दोनों के पास से कुल 05 नग मोटर पंप भी जब्त किए गए है. पुलिस ने इन अपराधियों के विरुद्ध धारा 379 की कार्रवाई की है. वहीं बाइक चोरी के मामले में एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया. जिसके पास से तीन मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है. नाबालिक ने 04 मई को नगर परिषद कार्यालय के नीचे से बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया था. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नाबालिग की पहचान की और पतासाजी करने में सफलता हासिल की. पुलिस ने नाबालिग के पास से पैशन प्रो एमएच 31 ईएच 1266 इसी कंपनी की एमपी 50 एमएस 5335 और स्पलेन्डर कंपनी की एमपी 50 एमएफ 3709 बरामद की है। इस दोनों कार्रवाई को अंजाम देने में उप निरीक्षक दीपक गौतम, सहायक उपनिरीक्षक पेढ़ारीलाल अहाके, प्रधान आरक्षक शिशुपाल बघेल, सायबर सेल प्रधान आरक्षक शोभेन्द्र डहरवाल, पुलिस आरक्षक नीरज सनोड़यिा, विमलेश सिसोदिया, शिवम बघेल, दयानंद डोहरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिवक्तागण के साथ बैठक हुई आयोजित

**बालाघाट।** 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश चन्द्र थपलियाल की अध्यक्षता में अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री थपलियाल द्वारा बैठक में बताया गया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से मामला रखा जाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवाद का निराकरण किया जाता है।

## खेती में कीटों का नियत्रंण अब सोलर लाइट ट्रैप से

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले में धान की फसल व अन्य फसलों के कीटों के नियत्रंण के लिए सौर उर्जा पर आधारित नियत्रंण तकनीक सोलर लाइट ट्रैप का उपयोग लाभकारी सिद्ध हो रहा है। जिले में कृषि विभाग की नई पहल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत समन्वित कीट प्रबधंन घटक के तहत सोलर लाईट ट्रैप का उपयोग किसानों द्वारा किया गया।



**क्या है सोलर लाइट ट्रैप:** सोलर लाइट ट्रैप एक प्रकार का सोलर उर्जा (पैनल) द्वारा संचालित होने वाला प्रकाश प्रबंध है जो कि खेत में एक स्थान पर रखा जाता है] जिसमें अल्ट्रा वायलेट लाइट लगी रहती है व दिन में सूर्य प्रकाश में पैनल द्वारा उर्जा एकत्रित कर जैसे की अधेंरा होता है। सेंसर लगे होने के कारण लाइट चालू हो जाती है। जो कि प्रौढ कीटों को अपनी ओर आकर्षित करता है। ट्रैप में कीटों के आने के पश्चात वह नीचे लगी जाली (नेट) में फस जाते है। इस प्रकार खेत के प्रौढ कीट जैसे तना छेदक की तितली] मांहू] व अन्य कीट इकट्ठे हो जाते है जिससे कीटों की सतति आगे बढ़ नही पाती] इस प्रकार बैगैर कीटनाशकों के कीटों का नियत्रंण होता है।

**उपयोग विधि:** खेत में मेढ़ो पर इस यंत्र को बास के सहारे यंत्र को खंडा किया जाता है एक यंत्र 3-5 एकड़ के लिए पर्याप्त होता है दिन में सोलर पैनल द्वारा बैटरी चार्ज होती है व रात में अंधेरा होने पर स्वतः ही लाइट जलती है। कीटों के जाली में जमा होने के पश्चात सुबह या 2-3 दिन में काड़ों को निकालकर उन्हें नष्ट किया जाय। इस प्रकार यह कीटों के नियत्रंण का एक प्राकृतिक, यात्रिंकीय निराकरण है।

**कहां-कहां उपयोग हो रहा है:** सोलर लाइट ट्रैप का से कीटों के नियत्रंण का उपयोग करने की तकनीक का उपयोग उन्नतशील कृषक श्री राम मनोहर बाबुराम कलिहारी ग्राम-कुकर्रा, विकासखंड-बैहर, श्री विरेन्द्र धान्द्रे ग्राम-कटंगझरी, विकासखंड-लालबर्रा अन्य पांच कृषक भी कर रहे हैं।

## रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन ने पक्षियों के लिए बांधे जलपात्र

**बालाघाट।** सामाजिक सेवा के साथ ही गर्मी में मूक पक्षियों की प्यास बुझाने रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन ने नगर के विभिन्न स्थानो में जलपात्र बांधे। फाउंडेशन अध्यक्ष जयश्री सोनवाने ने बताया कि फाउंडेशन की महिलाओं ने गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर वृक्षों पर जलपात्र बांधने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन की टीम ने बैहर रोड, मोती गार्डन रोड, मोती नगर, खेल विभाग कार्यालय तथा शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में लगे पेड़ो और पक्षी आने वाले स्थान पर उनकी प्यास बुझाने जलपात्र बांधे है और लोगों और संस्थाओं से अपील की है कि वह इस पर पानी जरूर रखे। इस दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष जयश्री सोनवाने, श्रीमती रुपाली राव, श्रीमती शालू गांधी, श्रीमती सीमा उपलपवार, श्रीमती हेमा पटले, श्रीमती चंद्रशीला साखरपुड़े, श्रीमती दुर्गा बर्वे तथा कु. रोशनी फाये सहित अन्य महिलाएं और संस्था प्रमुख उपस्थित थे।

### दुर्घटना का कारण बन सकते हैं छोटे बड़े गड्ढे, उठ रही मरम्मत की मांग

# जर्जर हो रहा बालाघाट-सिवनी मार्ग, जिम्मेदार नहीं ले रहे मार्ग की सुध!

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बालाघाट सिवनी मार्ग अनेको जगह से जर्जर दिखाई दे रहा है और जगह-जगह गड्ढे में तब्दील दिखाई दे रहा है फिर भी मरम्मत नहीं की जा रही है जिससे आम रहागिरो को आवागमन में परेशानी उत्पन्न हो रही है। लालबर्रा से लेकर बालाघाट तक मार्ग जर्जर होते दिखाई दे रहा है फिर भी जिम्मेदार राहगीरों को हो रही परेशानियों की सुद तक नहीं ले रहे नहीं ले रहा है विदित रहे कि आगामी दिनों में बारिश की शुरुआत होने वाली है और मार्ग की मरम्मत न होना बड़ा सवाल है। ठेकेदार द्वारा पूर्व के दिनों में मार्ग की मरम्मत कराई गई थी जो निम्न स्तर की थी और भूमि समाचार पत्र के लालबर्रा प्रतिनिधि द्वारा अनेकों मर्तबा प्रशासन को हो रही घटिया मरम्मत से अवगत भी कराया गया था और नतीजा आपके सामने हैं पुराने गड्ढे फिर से उभरते दिखाई दे रहे हैं, सिहोरा ढाबे के पास कंजई स्कूल के पास, अनेको जगह बड़े-बड़े गड्ढे जानलेवा साबित हो सकते हैं। सवाल यह है कि बालाघाट-सिवनी मार्ग पर अनेकों जगह छोटे और बड़े गड्ढे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं फिर भी गड्ढो को समतल नहीं किया जा रहा है। मरम्मत नहीं कराई जा रही है जिससे आम रहागीरों में आक्रोश देखा जा रहा है। राहगीरों का कहना है कि शासन अच्छी सड़क और सुलभ आवागमन के लिए राशि आवंटित करती है पर अधिकतर देखने में आता है कि शासन द्वारा आवंटित राशि का बंडरबाट किया जाता आ रहा है।



संबंधित विभाग को चाहिए कि वह मार्ग का निरीक्षण कर मार्ग की तत्काल मरम्मत कराये। बीते कुछ दिनों में बालाघाट सिवनी मार्ग पर अनेकों स्थान पर बहुत हादसे हो चुके हैं। मार्ग पर रोजाना हजारों वाहन एवं राहगीर सफर करते हैं जिम्मेदारों को चाहिए कि मार्ग को आवागमन के लिए सुलभ और सरल बनाएं। मार्ग की दोनों साइड पटारियों को मुरूम से भरा जाए ताकि पैदल चलने वाले और दो पहिया वाहनों को किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचाया जा सके। मार्ग पर रोजाना आवागमन करने वाले राहगीरों ने संबंधित विभाग से मार्ग की जल्द मरम्मत करने की मांग दोहराई है।

### इनका कहना हैं

लालबर्रा से बालाघाट और बालाघाट से कंजई तक मार्ग पर अनेकों छोटे बड़े गड्ढे उभर चुके हैं। बारिश के दिनों में और बड़े गद्दे होकर जानलेवा साबित हो सकते हैं, जिम्मेदार विभाग मार्ग की मरम्मत मरम्मत कराये।

**अशोक राहंगडाले**

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING |CIVIL| MECHANICAL |ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com